## एक नजर में

### सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरमावल का किया निरीक्षण




**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे, मुख्य विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश मंडलोई ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरमावल का निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरमावल अब नवीन भवन में संचालित हो रहा है। सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु देखभाल कार्यक्रम सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली । उन्होंने अस्पताल में सभी प्रकार की आवश्यक सुविधाएं आमजन को सुलभ रूप में प्रदान करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने लेबर रूम, पोस्ट नेटल वार्ड, सहित अस्पताल के प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण करते हुए प्रोटोकॉल आधारित सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए सीएमएचओ ने बताया कि सभी बच्चों को उम्र अनुसार आयरन की सिरप एवं गोली अनुपूरण अवश्य करावे।6 माह से 03 वर्ष तक के बच्चों को आयरन सिरप मंगलवार एवं शुक्रवार 13स घर पर बच्चों के पालकों/अभिभावकों द्वारा पिलाना है।(एक बच्चे को एक आयरन सिरप की बोतल घर पर पिलाने के लिए देना है) 3 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन सिरप मंगलवार एवं शुक्रवार 13स आंगनवाड़ी केंद्र पर आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ता द्वारा पिलाना है।5 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चों (प्राइमरी स्कूल में जाने वाले बच्चों) को आयरन की गुलाबी रंग की गोली स्कूल टीचर द्वारा मंगलवार को भोजन उपरांत अपने समक्ष खिलाना है। 10 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों (कक्षा 6 से कक्षा 12 में पढ़ने वाले बच्चों) को आयरन की नीली रंग की गोली स्कूल टीचर द्वारा मंगलवार को भोजन उपरांत अपने समक्ष खिलाना है।

### विधानसभा क्षेत्र आलोट एवं जावरा में बीएलओ एवं सुपरवाइजर दिया प्रशिक्षण

**रतलाम।** अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आलोट एवं जावरा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली को त्रुटी रहित बनाने हेतु बूथ लेवल ऑफिसर एवं सुपरवाईजर के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 223 आलोट एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 222 जावरा में बूथ लेवल ऑफिसर एवं सुपरवाईजर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावली को त्रुटी रहित बनाने हेतु चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत सभी बीएलओ की परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में फेल होने वाले बीएलओ को पुन : परीक्षा दिया जाएगा।

### जिले में खरीफ 2025 हेतु उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान द्वारा अवगत कराया गया कि खरीफ 2025 में आज 8 जुलाई 2025 को जिले में कुल 11252 मैट्रिक टन यूरिया, 3305 मैट्रिक टन पोटाश, एन.पी.के 6882 मैट्रिक टन तथा 5818 मैट्रिक टन एस.एस.पी कुल 27652 मैट्रिक टन का वितरण कराया गया है। वर्तमान में जिले में 10335 मैट्रिक टन यूरिया, 1565 मैट्रिक टन डीएपी, एनपीके 8868 मैट्रिक टन, पोटाश 1948 मैट्रिक टन तथा एसएसपी 9830 मैट्रिक टन जिले में सहकारिता क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र में भण्डारित है ।जिले के किसानों को सुगमता से उर्वरकों का वितरण हो इस हेतु जिला स्तरीय दल का गठन किया गया है साथ ही समस्त उर्वरक निरीक्षकों को सतत भ्रमण कर सुगमतापूर्वक वितरण कराने के निर्देश जारी किए गए है। जिले में पर्याप्त उर्वरकों का भण्डारण होकर किसान भाईयों से अपील की जाती है कि वे अपनी आवश्यकता अनुसार उर्वरकों का भण्डारण करें। जिससे वो अपने खेत में सुचारू रूप् से बोनी कर सकें तथा उर्वरकों का संतुलित मात्रा में ही उपयोग करें।

### केसरी के निधन पर पेंशनर ने श्रद्धांजलि दी

**रतलाम।** मप्र पेंशनर समाज जिला शाखा रतलाम की एक बैठक 6 जुलाई को सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के अध्यक्ष आरएस केसरी के 30 जून को आकस्मिक निधन पर शोक सभा की गई। श्री केसरी के निधन को संगठन की अपूरणीय क्षति बताते हुए सभी उपस्थित साथियों ने हार्दिक रूप से दुख व्यक्त किया। वे पिछले 10 वर्षों से पेंशनर समाज के अध्यक्ष थे। साथियों ने अध्यक्ष के रूप में श्री केसरी की सेवाओं का स्मरण करते हुए उनकी विद्वत्ता, मिलनसारिता, खुशमिजाजी एवं सरलता की चर्चा करते हुए प्रभु से प्रार्थना की कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। श्री केसरी ब्रेन हेमरेज के शिकार हो गए थे। 30 जून को जवाहर नगर मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके एकमात्र पुत्र योगेश केसरी ने उनको मुखाग्नि दी। बैठक को पेंशनर समाज सचिव बहादुरसिंह ने श्री केसरी के निधन पर गहन दु :ख व्यक्त करते कहा कि इसे प्रभु इच्छा मानकर इसे स्वीकार करना चाहिए। बैठक में दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। जानकारी पेंशनर समाज संगठन उपाध्यक्ष सुरेन्द्र छाजेड़ ने दी।

# सड़क के लिए विद्यार्थियों का कलेक्टोरेट में धरना

**रतलाम।** जिले के आदिवासी क्षेत्र सैलानी विकासखंड अंतर्गत आने वाले गांव के विद्यार्थियों ने मंगलवार को सुबह सड़क की समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। विद्यार्थियों अपनी मांग को लेकर जमीन पर बैठक गए और धरना दे दिया। उनकी बातसुनने के

**जिला पंचायत सीईओ ने उनके समक्ष बैठकर जानी समस्या**

लिए जिला पंचायत सीईओ विद्यार्थियों के समक्ष बैठे और समस्या जानी। विद्यार्थियों ने बताया कि स्कूल जाने में सड़क समस्या है। बारिश में काफी दिक्कत होती है। इस मामले में बच्चों को आश्वस्त करते हुए सैलाना जनपद के सीईओ को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए।

मंगलवार को ग्राम पिपलीपाडा पंचायत सांसर तहसील सैलाना के स्कूली बच्चे एवं ग्रामवसियों ने सड़क समस्या के निराकरण के लिए आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत सांसर के पिपलीपाड़ा गांव तहसील मुख्यालय से 5 से 7 किमी की दूरी पर है। ग्राम



शिवगढ़ के रास्ते से जुड़ने वाले मार्ग पुलिया के पास से कट चुका है जिससे रास्ता पूरी तरह बंद हो चुका है दूसरा मार्ग ग्राम सकरावदा से जोड़ने वाला रास्ता कीचड़ से ग्रसित है पक्का रास्ता नही है। जिससे स्कूल जाने में बच्चों को समस्या आती है। सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव ने सीईओ जनपद सैलाना को समस्या का निराकरण करने के लिए आदेशित किया।

**जपं सीईओ को निरीक्षण के निर्देश**

सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव ने बच्चों एवं ग्रामीणों के समक्ष जाकर बताया कि ग्राम में सम्पर्कता वाली सड़क है या गांव के अंदर की सड़क है पता करवा रहे है। ग्राम पंचायत में 15वें वित्त की राशि मिलती है उससे निराकरण करवाएगे। सीईओ जनपद पंचायत सैलाना को निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया हैं यदि अंतर ग्रामीण सर्तकता वाली सड़क है तो प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रस्ताव भेजा जाएगा। गांव के अंदर की सड़क है तो पंचायत स्तर पर सड़क निर्माण किया जाएगा।

# नाले पर ओटले व बाउण्ड्रीवाल का अतिक्रमण से घर में आ रहा पानी

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** नाले पर अतिक्रमणकर्ताओ ने अतिक्रमण कर पक्के ओटले व बाउण्ड्रीवाल बना ली है, जिस कारण घर में बारिश का पानी जमा हो रहा है। सीएम हेल्पलाईन शिकायत की गई थी, जिस पर आज तक

**जनसुनवाई में 85 आवेदन पर हुई सुनवाई**

कार्रवाई नहीं हुई।

यह शिकायत जनसुनवाई में पहुंची। आवेदक उमेश पिता लक्ष्मीकुमार जोशी निवासी ग्राम बंजली जिला रतलाम ने आवेदन देते हुए बताया कि पिता लक्ष्मीकुमार जोशी निवासी वार्ड नं. 9 त्रिलोक नगर में मकान है जिसके पिछे नाला सर्वे नं. 277 बहता है। नाले पर अतिक्रमणकर्ताओ ने अतिक्रमण कर पक्के ओटले व बाउण्ड्रीवाल बना ली है जिस कारण घर में बारिश का पानी जमा हो रहा है, 25 मई को सीएम हेल्पलाईन शिकायत की गई थी जिस पर आज



तक नगर पालिका निगम द्वारा कार्यवाही जल्द करने का आश्वासन दिया जा रहा है वर्तमान में शिकायत एल-4 लेवल पर है, कार्यवाही हेतु नगर निगम अधिकारी एवं ईई पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव एवं जिला पंचायत सीईओ श्रृंगार श्रीवास्तव ने आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 85 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आवेदक मथुरालाल पिता नागुराम निवासी बड़ायला चौरासी तहसील पिपलौदा ने आवेदन दिया कि उसकी कृषि भूमि ग्राम खोखरा तहसील जावरा में स्थित है जो नवनिर्मित 8 लेन से लगी हुई है। नवनिर्मित 8 लेन मे केबल डाली जाने के दौरान नालियां मिट्टी से भर चुकी है और पानी की निकासी पुरी तरह से बंद होने कारण खेत बारिश के पानी से पूरी तरह भर जाता है, जिससे सोयाबीन की फसल नष्ट हो जाती है। पिछले साल भी सोयाबीन की फसल पुरी तरह से नष्ट हो चुकी थी। वर्तमान में बारिश का मौसम शुरू हो चुका है, नवनिर्मित 8 लेन की नालियों की सफाई करवाई जाकर भूमि एवं फसल को नुकसान से बचाने का आवेदन दिया, कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

**गांव में नहीं आंगनवाड़ी**

जनसुनवाई में ग्रामवासी पिपलीपाडा पंचायत सांसर विकासखण्ड सैलाना ने आवेदन दिया कि गांव में अभी तक कोई आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित नही है। गांव में लगभग 500 की जनसंख्या है, बाल शिशुओं की संख्या लगभग 50 है, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को उचित पोषण स्वास्थ्य सेवाएं तथा पूर्व शैक्षणिक सुविधाएं प्राप्त नही हो रही है। गांव में आंगनवाड़ी केन्द्र की आवश्यकता है। कार्यवाही हेतु महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया।



# कीर्तन और नृत्य करते भक्तों ने खींचा महाप्रभु श्री जगन्नाथजी का रथ

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** इस्कॉन परिवार ने मंगलवार शाम को भगवान री जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली । रथ को भक्त कीर्तन व नृत्य करते हुए खींच रहे थे। यात्रा सिविक

**इन्दौर से आया 52 फीट उंचा रथ में विराजे भगवान**

सेंटर स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई रंगोली गार्डन पहुंची। यात्रा से शहर भक्तिमय हो गया।

भगवान श्री जगन्नाथजी की रथ यात्रा मंगलवार दोपहर 2 बजे सिविल सेंटर स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर से शुरू हुई। रथ यात्रा में इन्दौर से 52 फीट उंचे रथ शामिल हुआ। जो विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। वहीं महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के विग्रह भी इन्दौर से आया। यात्रा लोकेन्द्र टॉकिज, शहर सराय, लोहर रोड, हरदेव लाल की पीपल, रानीजी का मंदिर, नाहरपुरा, कॉलोज रोड, छत्रीपुल, दो बत्ती चौराहा, टीआईटी रोड होते हुए रंगोली गार्डन पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए जो भजन-कीर्तन करते हुए व नृत्य करते हुए रथ को खींच रहे थे।



# शीतल धाम पर जैन कटारिया फाउंडेशन महिला विंग ने किया पौधारोपण

**रतलाम।** ऑल इंडिया कटारिया फाउंडेशन की महिला विंग की रतलाम शाखा की साधारण बैठक स्थानीय शीतल धाम तीर्थ पर संपन्न हुई। बैठक में आगामी प्रोजेक्ट्स पर सदस्यों ने विचार विमर्श किया। पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सदस्यों ने लगभग 50 पौधारोपण किया। जिसमें आंवला, नीम आदि औषधि व छायादार पौधे लगाए जिससे ऑक्सीजन भरपूर मात्रा में मिल सके ।इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती अलका महेंद्र कटारिया, बिंदु कटारिया, अनीता कटारिया, प्रतिभा कटारिया, मंजू कटारिया, उषा कटारिया, मीणा कटारिया, सुनीता कटारिया, इंदु कटारिया, वनिता कटारिया, दीपशिखा कटारिया, अंजलि कटारिया, अमिता कटारिया एवं शांता कटारिया आदि सदस्यताएं मौजूद रही । उक्त जानकारी अलका कटारिया ने दी।

# नागरिकों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** नागरिकों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को कांग्रेस सेवा दल ने निगम पर पहुंचकर जंगी प्रदर्शन किया ।इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। विभिन्न समस्याओं का निदान की

**कांग्रेस सेवा दल ने नगर निगम पर किया प्रदर्शन**

मांग को लेकर ज्ञापन भी महापौर और निगम आयुक्त को सौंपा।

मंगलवार को नगर निगम पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर महापौर प्रहलाद पटेल एवं नगर निगम आयुक्त अनिल कुमार भाना को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से नगर निगम में वार्ड क्रं. 28 के रहवासियों की जन समस्यों को लेकर एवं पट्टाधारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की अनुदान राशी 2.5 लाख दिलाने की मांग की गई। साथ ही क्षेत्र में व्यापत गंदगी, किचड़ एवं पेयजल की समस्या, बंद पड़े ट्यूबवेल की



समस्या, प्रकाश व्यवस्था की समस्या एवं सर्वे में पट्टा हितग्राहियों के जो नाम छुट गए है उनको पट्टे दिलाने सहित अन्य मांगें रखी।

ज्ञापन रतलाम शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शांतीलाल वर्मा एवं उपनेता कमरुद्दीन कुछवाय, यास्मीन शैरानी, मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रांतीय महासचिव रजनीकांत व्यास, कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष रतलाम (शहर) राजनाथ यादव, जिला सेवा दल अध्यक्ष किशनलाल गौसर, पार्षद प्रतिनिधि शाकिर खान एवं वार्ड नं. 28 के रहवासीगण, युसूफ मन्सूरी, राजू खान, काजल डामोर, अनिता बैरागी, जमुना बाई, रानी पठान, गोपाल तिवारी, अंसार भाई, जिया भाई, बदरीलाल, मुन्ना टैंकर, अशफाक चाचा, पवन राव, मोहब्बत भाई आदि की उपस्थिति में ज्ञापन दिया गया। जानकारी अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल राजनाथ यादव ने दी।



**कार्यक्रम** — कर्बला मैदान में लगा मैला, ताजिया कमेटी सदर व मर्सीया पढ़ने वालों की हुई दस्तारबंदी-

# रात 9 बजे थमा ताजियों का कारवां, नवाब के नवासें ने की छींटे की रस्म अदा

जावरा । हजरत इमाम हुसैन की शहादत में मुस्लिम सम्प्रदाय द्वारा मनाए जा रहे मोहर्रम पर्व में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित ईमामबाड़ो से उठने वाले ताजियों का कारवां मंगलवार की सुबह कर्बला मैदान पहुंचकर थम गया। मंगलवार की देर शाम तक भी ताजियों के कर्बला पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी रहा। सुबह करीब 10 बजे कर्बला मैदान पहुंचे अलम शरीफ पर पहला छीटा नवाब के नवासें ने देकर छींटे की रस्म अदा की। इसके बाद शाम तक ताजियों पर छीटें की रस्म अदा करने का सिलसिला चलता रहा। बाजारों में ताजिया कमेटी सदर के साथ ताजियों के समक्ष मर्सीया गाने वालों की दस्तारबंदी कर सम्मान किया गया। आज बुधवार की शाम को कर्बला मैदान पर खुंट की फातियां का आयोजन होगा।

मोहर्रम की 10 तारिख को



आशुरा की रात में नगर के सभी इमामबाड़ों से ताजियें निकलकर पुरानी धानमंडी स्थित मध्य भारत के ताजिये को सलामी देने पहुंचे। जहां ये ताजियों का कारवां प्रारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ सुबह कर्बला मैदान पहुंचना प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा। यहां छीटें की रस्म अदायगी के बाद सभी ताजिये पुनः अपने-अपने इमामबाड़ों की और लोट गए।

अलम शरीफ पर हुआ पहला छींटा - ताजियों का कारवां सुबह कर्बला मैदान पहुंचा। जहां करीब 10 बजे सबसे पहले अलम शरीफ पर नवाब इफ्तेखार अली के नवासे गुलाम मकदुम बाबा व उनके हसनेन व सिफ्तेन ने गुलाब जल से छीटें की रस्म अदा की। अलम शरीफ के बाद फुटी बावड़ी स्थित दादा मुकिम खां के ताजियें पर सबसे पहले छींटे की रस्म अदा हुई। इसके



बाद समस्त ताजियों पर रात 9 बजे तक छीटे का कार्यक्रम चलता रहा। कर्बला में लगा मैला- छीटें की रस्म अदायगी के तहत पैलेस स्थित कर्बला मैदान में मैला भी लगा। जिसमें खाने-पीने से लेकर महिलाओ के लिए मनिहारी व अन्य सजावटी सामान की दुकाने लगी। वहीं बच्चो ने मेले में लगे झुले व चकरी का भी आनंद उठाया। शहर के साथ ही आसपास के ग्रामीण अंचलों व दूर दराज से आए लोगो ने कर्बला मैदान पहुंचकर मेले का आनंद लिया और ताजियों का जीयारत भी की। वहीं कर्बला मैदान के बाहर हुसैन टैकरी के उस्मान गनी व उनके परिवार द्वारा ताजियो के चल समारोह में आए लोगो के लिए सबील लगाकर शरबत पिलाया गया।



प्रशासन ने दिखाई मुस्तैदी - मोहर्रम के दौरान स्थानीय प्रशासन के साथ ही पुलिस प्रशासन व नगर सुरक्षा तथा ग्राम रक्षा समिति सदस्यों ने भी काफी मुस्तैदी दिखाई। इस दौरान एसडीएम त्रिलोचन गौड़, सीएसपी दुर्गेश आर्मो, एसडीओपी संदीप मालवीय, तहसीलदार संदीप इनवे, शहर थाना प्रभारी जितेन्द्रपाल जादौन, औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी युवराजसिंह चौहान, डीएसबी के देवेन्द्र तिवारी के साथ चीता स्कॉट व नगर सुरक्षा समिति तथा ग्राम रक्षा समिति के साथ पुलिस दल बल का योगदान सराहनीय रहा।

### कांग्रेस व अल्पसंख्यक मोर्चा ने की दस्तारबंदी

रियासत कॉल से निकाले जा रहे ताजियों के सदरों तथा ताजियों के समक्ष मर्सिया पढ़ने वाले गायको का नगर में सम्मान किया गया। नगर के घंटाघर चौराहे पर शहर कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कड़पा के नेतृत्व में उस्तादों और सदर का दस्तार बंदी कर स्वागत किया। इस दौरान डॉ. एचएस राठौर, हिम्मतसिंह श्रीमाल, गुड्डु पठान, मोहम्मद मुस्तकीम मंसूरी, लोकेश विजवा, विनोद ओरा, इरफान मुबारिक, दानिश सिद्दीकी, महेश शर्मा आदि उपस्थित थे।